बर्ड फ्लू को लेकर रहें सतर्क : कलेक्टर

नरसिंहपुर, देशबन्धु। प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली समय सीमा की बैठक कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा में दर्ज प्रकरण, विभिन्न आयोग से प्राप्त शिकायतों सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान पाया कि स्वास्थ्य विभाग एवं परिवहन विभाग डी केटिगिरी में है, जबकि खनन, वन एवं जनजातीय कार्य विभाग सी केटिगिरी में है। कलेक्टर पटले ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर ए केटिगिरी में लाने के प्रयास करने के निर्देश दिये।

बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा एवं सेवाएँ डॉ. मोहम्मद असग़र ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले में भी बर्ड फ्लू वायरस पुष्टि होने

समय सीमा की बैठक

के बाद नरसिंहपुर जिला अलर्ट हो गया है। जिले में अभी तक एक भी बर्ड फ्लू का केस नही आया है। बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए सेंपल भी कलेक्ट किये जा रहे हैं।

कलेक्टर पटले ने सावधानी बरतते हुए पशु एवं चिकित्सा सेवायें विभाग, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अमले के साथ चिकन और मटन शॉप पर जाकर इसकी मॉनीटरिंग करते रहें। बैठक में कलेक्टर ने बाल एवं कुमार प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 संशोधित 2017 के अंतर्गत सभी निर्माण विभागों को निर्देश दिये कि समस्त निर्माणाधीन स्थलों के निरीक्षण के दौरान बाल श्रम न हो और बाल श्रम निषेध प्रतिबंधित बोर्ड का प्रदर्शन भी किया जाये। इसकी भी जाँच की जाये। साथ ही कार्यरत श्रमिक महिलाओं के बच्चों को क्रेच- पालनाघर की व्यवस्था या संबंधित आँगनबाड़ी केन्द्र में भेजना सुनिश्चित किया जाये।

विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

गाडरवारा, देशबन्धु। तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश डॉ0 श्रीमति अंजली पारे के मार्गदर्शन में दक्ष इंटरनेशनल स्कूल, विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा द्वारा किया गया ।

विधिक साक्षरता शिविर में डॉ0 श्रीमति अंजली पारे द्वितीय जिला न्यायाधीश द्वारा विद्यार्थियो को स्वयं के जीवन का उदाहरण देकर कभी भी निराश न होकर लगातार अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणादायक कहानी बच्चों को सुनाई गई एवं इसके साथ ही बच्चों की सामान्य भाषा में कानून की मूलभूत जानकारी देते हुये लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम

2012 के विधिक प्रावधानों एवं किशोरावस्था के संबंध में किशोर न्याय अधिनियम, एवं दण्ड विधियों के महत्वपूर्ण उपबंध से विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया गया एवं बच्चों को उत्साहित किया गया । इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को बेड टच-गुड टच विषय में चर्चा करते हुये कहा कि ना गुड टच न बेड टच सीधे नो टच पर ध्यान देने हेतु जोर दिया । माननीय महोदय द्वारा मोबाईल से संबंधित छोटे-छोटे अपराधों जैसे अश्लील वीडियो, मैसेज, टिप्पणीयां न करने की बिना किसी की अनुमति के फोटो न लेने एवं सायबर क्राइम जैसे फर्जी कॉल, या मैसेज में आई ओ0टी0पी0 से बचने की सलाह दी गई एवं मोबाइल संबंधी सायबर क्राइम ई-फुट प्रिंट एवं ई-स्टोकिंग के विषय में विस्तार से समझाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओ द्वारा द्वारा रंगोली बनाकर माननीय का स्वागत किया गया एवं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नारी सशक्तिकरण की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई । विद्यालय के चेयरमेन चेतन्य यादव विद्यालय के प्राचार्य पी0के0 चौधरी द्वारा का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया सेक्रेटरी जे0एस0 यादव एवं समस्त स्टॉफ, श्रीमति शिखा सोनी एवं पैरालीगल वॉलेंटियर शेख रहीम की उपस्थिति रही एवं सहयोग प्रदान किया ।

सार-समाचार

राज्यस्तरीय हॉकी टूर्नामेंट एक अप्रैल से

नरसिंहपुर, देशबन्धु। स्वर्गीय मोहम्मद हकीम मासाब की स्मृति में राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट 1 अप्रैल से नरसिंहपुर में होगा। यह हॉकी प्रतियोगिता हॉकी स्टेडियम में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की 14 टीम में भाग लेंगी। ज्ञात हो स्वर्गीय मोहम्मद हकीम खान पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं नरसिंहपुर की हॉकी को आगे बढ़ाने में उनका एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है वे मध्य प्रदेश पुलिस हॉकी टीम के भी सदस्य रह चुके हैं एवं मध्य प्रदेश सीनियर हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में कर चुके हैं मोहम्मद हकीम खान बड़े ही ईमानदार उत्कृष्ट और स्वाभिमानी खिलाड़ी थे स्थानीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में आर्थिक सहयोग मोहम्मद हकीम खान के सुपुत्र मोहम्मद यूनुस खान के द्वारा किया जाएगा टूर्नामेंट के आयोजक नरसिंहपुर खेल विकास संगठन को बनाया गया है । उनके परिवार लंबे समय से इस प्रतियोगिता को करने इच्छा थी ।

सभी पूर्व हॉकी खिलाड़ियों से चर्चा करने के बाद इस प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार की गई । जिसमें सभी खेल प्रेमी जनता प्रतिष्ठित नागरिक सभी सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक, नरसिंहपुर खेल विकास संगठन के सभी सदस्य सहयोग प्रदान करेंगे इस हॉकी प्रतियोगिता के माध्यम से पूरा नगर इस प्रतियोगिता में शामिल हो इसकी अपील मोहम्मद यूनिस खान के द्वारा की गई।

शातिर चोर गिरफ्तार, शहडोल, कटनी और डिंडोरी में दर्जनों वारदात कबूलीं

अनूपपुर, देशबन्धु। कातवाली पुलिस ने सोमवार को एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जो रात में दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करता था। 58 वर्षीय गोपाल बैगा नाम का यह अपराधी शहडोल जिले के बुढ़ार का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से चोरी का सामान और ताला तोड़ने के उपकरण बरामद किए हैं। घटना 12 फरवरी की रात की है, जब आरोपी ने सिद्ध बाबा मंदिर के सामने स्थित किरण किराना जनरल स्टोर्स का ताला तोड़कर वारदात की। दुकान से साबुन, बिस्किट, नमकीन, तेल, डिटर्जेंट, गुटखा और सिगरेट सहित करीब 5500 रुपए का सामान और 5000 रुपए की नकदी चुरा ली।

कोतवाली प्रभारी अरविंद जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ और डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच की। टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बाजार के करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिससे आरोपी की पहचान हो सकी। जांच में सामने आया कि आरोपी शहडोल जिले के जयसिंह नगर, सोहागपुर, कटनी और डिंडौरी में भी चोरी कर चुका है। वह ट्रेन से यात्रा करते हुए रेलवे स्टेशन के आसपास की दुकानों को निशाना बनाता था। डिंडौरी में इस पर ट्रैक्टर चोरी का भी केस दर्ज है। आरोपी हमेशा अपने साथ लोहे की रॉड या गैंती रखता था, जो ताले तोड़ने के काम आती थी।

पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त का वितरण 24 को

पन्ना, देशबन्धु । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार, 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का वितरण करेंगे। इससे पन्ना जिले के कृषक भी लाभांवित होंगे। इस बार किस्त वितरण दिवस को किसान सम्मान समारोह के रूप में भी मनाया जाएगा। योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपए की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। आयुक्त भू अभिलेख के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम के प्रसारण तथा समस्त ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण 19 को

पन्ना, देशबन्धु । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 19 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे ईव्हीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया जाएगा। इस मौके पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

शनिवार अवकाश को खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

पन्ना, देशबन्धु । महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश द्वारा फरवरी माह में शनिवार अवकाश 22 फरवरी को भी पंजीयन कार्यालय खोले जाने के संबंध में पत्र जारी कर निर्देश जारी किए गए हैं। जारी पत्र में उल्लेख है कि फरवरी एवं मार्च माह शासन के राजस्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। आम नागरिकों को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने और शासन के राजस्व के दृष्टिगत वर्तमान फरवरी माह में शनिवार, अवकाश 22 फरवरी को समस्त पंजीयन कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है।

माझी जनजाति के साथ समाहित नामों को अधिसूचित करने की मांग

नरसिंहपुर, देशबन्धु। माझी आदिवासी समाज नरसिंहपुर द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर नरसिंहपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग की गई कि माझी जनजाति को मध्यप्रदेश राज्य में भारतीय संविधान अधिनियम 1950 अनुच्छेद 341, 342 के तहत एवं भारतीय संविधान के संशोधन नियम 1976 के अनुसार संपूर्ण मध्यप्रदेश राज्य में अनुसूचित जनजाति का आरक्षण प्रदान किया गया है व माझी जनजाति में समाहित केवट, मल्लाह, भोई ढीमर जातियों को पूर्व विन्ध्य प्रदेश के चीफ सेकेट्री की अनुशंसा पत्र क्रमांक 47/8 एफ/सेंसस/49 दिनांक 7 जनवरी 1950 के अनुसार जनजाति माना गया था। संलग्न पत्र अनुसार पूर्व में माझी जनजाति को आठ जिलों रीवा, सतना, सीधी, शहडोल, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दातिया आदि विन्ध्य क्षेत्र के जिलों में माझी जनजाति के अनुसूचित जनजाति की सूची में अधिसूचित

माझी आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन

कर जनजाति (शेडयूल ट्राइब्स) का आरक्षण प्रदान किया गया। किन्तु माझी में समाहित जनजाति केवट, मल्लाह, भोई ढीमर जातियों को अधिसूचित नहीं किया गया जिसकी वजह से मूल माझी में समाहित नामों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया।

जबकि 18 सितम्बर 1976 को केन्द्रीय भारत सरकार द्वारा लोकसभा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संशोधन अधिनियम बिल पास कर माझी जनजाति का क्षेत्रीय बंधन समाप्त करते हुए माझी जनजाति को संपूर्ण मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति (शेडयूल ट्राइब्स) का आरक्षण प्रदान किया गया है। वर्तमान में मध्यप्रदेश राज्यपुर्नगठन अधिनियम वर्ष 2000 के आदेशानुसार भी माझी जनजाति को आरक्षण प्रदान है। माझी जनजाति में समाहित केवट, मल्लाह, भोई, ढीमर को अधिसूचित नहीं किया गया जिसकी वजह से माझी समाहित जातियों को आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश विधानसभा के वित्त कालीन सत्र में विधायक हीरालाल अलावा के द्वारा पूंछे गये सवाल क्र. 1121 में मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा माझी केवट, मल्लाह, भोई, ढीमर के समाहित होने का विधानसभा पटल पर जबाव दिया गया।

ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से निवेदन किया गया कि मध्यप्रदेश राज्य की माझी जनजाति में समाहित केवट, मल्लाह, भोई, ढीमर जातियों को माझी जनजाति के साथ अधिसूचित कर जनजाति के आरक्षण का लाभ प्रदान करने के आदेश जारी करने की कृपा करें जिससे कि समाज सामाजिक व आर्थिक रूप से प्रगति कर सके। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अमर नोरिया, सोहन रैकवार, अमर सिंह नोरिया, संजय नोरिया, प्रदीप कश्यप, तुलसी नोरिया, मनोज नोरिया, गौरव रैकवार,पप्पू नोरिया,राजाराम कहार, भगवान दास कहार, दलपत सिंह नोरिया,हीरालाल कहार, कमल नोरिया, ऋषि कश्यप आदि उपस्थित रहे ।

विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन का सम्मेलन आयोजित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा 16 फरवरी को बरमान में हुए सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एंप्लाइज यूनियन के महासचिव मोहन शर्मा ने कहा कि में बिजली कर्मचारियों पर आने वाले संकट से चेताया बताया कि स्मार्ट मीटर नाम से लाखों कर्मचारियों का भविष्य चौपट होने वाला है ,मीटर रीडिंग लेने वाला - बिल वितरण करने वाले- बिल बनाने वाले कर्मचारी सभी बाहर हो जाएंगे, दूसरा बिजली उद्योग के निजीकरण को लेकर सारे देश के बिजली उपभोक्ताओं किसानो पर विपत्ति आने वाली है बिजली के रेट में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी । महासचिव श्री शर्मा ने आगामी 23 फरवरी को पूरे देश के सभी कर्मचारी इंजीनियरों की बैठक नागपुर में बुलाई है जिसमें बड़े पैमाने पर मांगों को लेकर निर्णय लेने वाले हैं इसमें बिजली उपभोक्ताओं और किसानों का भी यूनियन को समर्थन प्राप्त है। सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार पटेल संयोजक एमएल चौकसे, केएल चंदेल, केडी द्विवेदी, मोहन अग्रवाल ने देशव्यापी आंदोलन मध्य प्रदेश के शामिल होने का भरोसा दिलाया।

बुजुर्गों ने साझा किये अपने अनुभव हुआ पंच रत्नों का सम्मान

नरसिंहपुर, देशबन्धु। वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर द्वारा राम जानकी मंदिर धनारे कालोनी नरसिंहपुर में विचार अनुभव गोष्ठी के साथ ही पंच रत्नों के सम्मान का गरिमामय आयोजन किया गया। प्रभु की वंदना संकीर्तन और हनुमान चालीसा पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डा.महेश त्रिपाठी गणेश कुमार चतुर्वेदी एड.जोगेन्दर सिंह देवेंद्र दुबे प्रेमशंकर राघव डी डी गोस्वामी एन सी जैन सी बी शर्मा एस के चतुर्वेदी आर के नेमा यू एस उपाध्याय धनपत तिवारी प्रभात राय अशोक वर्मा मदन श्रीवास्तव डा केदार गुप्ता बी एस पटेल अनिल राय सुबोध शर्मा पं.एम एल हरदेनिया पं.सी पी मिश्रा ब्रम्ह कुमारी आश्रम के अग्रवाल राजेन्द्र शर्मा सहित सभी वरिष्ठ जनों ने अपने अपने अनुभव साझा किये।जिसमें माता पिता गुरुजनों का सम्मान,नारी शक्ति

का आदर बेटी को सुनहरा कल,दया विनम्रता के भाव सहित परोपकार सेवा,रोज डे वेलेंटाइन डे की जगह मां बाप गुरु का पूजन, प्रकृति का संरक्षण,लगन उत्साह से धार्मिक उत्सवों का आयोजन, सत्संग और भगवान की भक्ति जैसे अनिवार्य चिंतन और विचार उभरे । इन पर अमल करने हेतु सभी ने निर्णय लिया।उक्त अवसर पर अखिल भारतीय ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने भारतीय संस्कृति संस्कार और देशभक्ति से ओतप्रोत भावमयी कविताएं सुनाकर कार्यक्रम में समां बांधा।

सर्वब्राह्मण महिला एकता परिषद की वार्षिक बैठक

नरसिंहपुर, देशबन्धु। होटल अमर पैलेस में ब्राह्मण महिला एकता परिषद की वार्षिक बैठक जिलाध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सुनन्दा भट्ट ने जिलाध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे को परिषद के विस्तार हेतु बधाई देते हुए उनका सम्मान किया । परिषद के सभी सदस्यों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया और आगे भी संगठन के विस्तार हेतु सदस्यों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आस्ट्रेलिया से आईं श्रीमतीं बिंदा खम्परिया रहीं। परिषद द्वारा किये गए सामाजिक कार्यो को उन्होंने बहुत सराहा। सचिव श्रीमतीं नीरा बुधौलिया द्वारा

संस्था द्वारा किये गए समाजिक कार्यो बालिका प्रतिभा सम्मान,गौ सेवा,बटुक पूजा,निर्धन कन्या विवाह,बीमारी में सदस्यों की मदद ,महिला दिवस, स्वामीजी स्वरूपा नन्द जी महाराज का शताब्दी दिवस,करवा चौथ पूजन, मानसून क्वीन,हरियाली महोत्सव,जवारे पूजन के बारे ने वताया।परिषद की कोषाध्यक्ष श्रीमतीं नन्दिता चौबे ने सर्वप्रथम सभी सदस्यों को परिषद के द्वारा सदैव दिए जाने वाले आर्थिक सहयोग हेतु धन्यवाद दिया ।फिर पूरे वर्ष के दौरान किये जाने वाले आय एवं व्यय का ब्यौरा पेश किया।एवं आगे भी सहयोग हेतु अपील की।महासचिव श्रीमतीं ज्योति तिवारी ने आगामी महिला दिवस एवम बालिका प्रतिभा सम्मान हेतु सभी सदस्यों के विचार मांगे। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों को ब्राह्मण समाज की द्वस्त्र जिलाध्यक्ष और नगराध्यक्ष द्वारा पहनाई गई।परिषद की वरिष्ठ श्रीमतीं मालती त्रिवेदी ने परिषद की विगत सात वर्षों की सफलता हेतु सभी सदस्यों को आशीष वचन देते हुए शिखर पर पहुंचने हेतु हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। बैठक में श्रीमती शालिनीं दुबे ,सरला पांडे , मंजुलता पांडे,प्रवीणा गोस्वामी , सुषमा मिश्रा ,कविता दुबे,मंजू दुबे,शालू शर्मा,नीता शर्मा,ममता मिश्रा,सुमन शर्मा,ज्योति पचौरी, रक्षा पालीवाल, सीमा स्थापक, दीप्ती दुबे, प्रियंका गोस्वामी, कीर्ति पालीवाल, पूर्ति शर्मा, प्रियांशी पांडे, श्रुति भाटली, रेणु शर्मा, प्रियंका पाठक, आशा भाटली मोहिनी रावत की उपस्थिति रही।

तीर्थराज प्रयाग महाकुंभ कल्पवास से लौटने पर हुआ अभिनंदन

गोटेगांव, देशबन्धु । सनातनी सर्वोच्च आस्था के प्रतीक और सबसे बड़े महाकुंभ 2025 महापर्व पर ऐसा माहौल बना है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है की पूरा देश महा तीर्थराज प्रयाग जाकर मां गंगा के पावन जल में डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य करना चाहता है, धार्मिक महत्व के माघ महीने।

अनेक धार्मिक जान तीर्थराज प्रयाग में एक महीने तक निवास करते हैं कल्पवास करते हैं परंतु इस बार महाकुंभ के कारण यह कार्य बहुत ही कठिन एवं चुनौती पूर्ण था फिर भी भक्तों की आस्था परेशानियों को नजरअंदाज करते हुए लाखों भक्तों ने इस बार भी तीर्थराज प्रयाग में एक महीने तक कल्पवास किया एवं अधिक शारीरिक श्रम व धन की खर्च की चिंता को नजर अंदाज किया परंतु शरारती तत्वों की कुछ घटनाओं के कारण जो भी परिवारजन प्रयागराज में थे । उन्हें लेकर उनके परिवारजन व शुभचिंतक चिंतित नजर आ रहे हैं।

कल्पवासियों का निरंतर अपने गांव व शहर में लौटना जारी है मां गंगा की कृपा से गोटेगांव नगरीय ग्रामीण क्षेत्र से अनेक भक्त कल्पवासकर के लौटे हैं गतदिवस मोहन सिंह पटेल, रामस्वरूप पटेल, पूर्व पार्षद विद्या शर्मा गोटेगांव, पंडित लखन लाल तिवारी जबलपुर, राजेश्वरी चौहान हरिओम साहू नरसिंहपुर , एव लगातार अपनी माता जी के साथ 22दिन तक प्रयागराज महाकुंभ में कल्पवास में परिवार सहित रहे बी डी सोनी पत्रकार, मंजू सोनी प्रयागराज से इस कठिन धार्मिक महापर्व की यात्रा एवं कल्प वास कर मां गंगा की कृपा से इतनी भीड़ के बावजूद जब सकुशल अपने निवास पहुंचे तो परिवार जनों ने उसे पहाड़ों से उनका अभिनंदन किया।

विधायक ने किए पुरस्कार वितरण

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव विधानसभा के ग्राम बेलखेड़ी शेड में क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम बेलखेड़ी शेड को गोटेगांव विधानसभा के लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश ने पुरस्कार वितरण किया साथ ही उप विजेता टीम खापा को उप विजेता पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर माननीय विधायक महेंद्र नागेश वरिष्ठ समाजसेवी एवं मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव माननीय सरदार सिंह पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष एकम सिंह पटैल मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह पटैल बासनपानी सरपंच प्रहलाद सिंह पटेल रीछा सरपंच अमित पटैल बेलखेड़ी सरपंच हाकम

सिंह पटैल जनपद सदस्य राजाराम पटेल एवं क्रिकेट के खेलप्रेमी ग्रामीणजन उपस्थित रहे।इस मौके पर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए